उद्योग रहित जिला के लिये "तालुका" को एकक माने जाने संबंधी निर्णय

116. श्री मोर्जा इर्शादबेग : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने किसी तालुक को उद्योगरहित जिला घोषित किये जाने के उद्देश्य से उसे एक एकक के रूप में माने जाने के संबंध में कोई निर्णय किया है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्यमंत्री (श्री एम०अरुणाचलम) : (क) और (ख) ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है जिसमें तालुक को उद्योगरहित जिला घोषित किये जाने के उद्देश्य से उसे एकक के रूप में माना जाए ।

कोल इंडिया लि० को हुआ घाटा

117. श्री राम जेठमलानी :

सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि ऐसी मशीनों का इस्तेमाल करने के कारण जिनकी हालत दयनीय है, कोल इंडिया लि० को अत्यधिक घाटा हो रहा है;

(ख) क्या यह भी सच है कि 1988 के अंत में अनेक मशीनें खराब होने के कारण अप्रयुक्त पड़ी हुई थीं; और

(ग) यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी थी और कोल इंडिया लि० द्वारा उन मशीनों पर कुल कितनी धनराशि का निवेश किया गया था ?

ऊर्जा मंत्रालय में कोयला विभाग में राज्य मंत्री (श्री सी०के०जाफर शरीफ) : (क) जी, नहीं ।

(ख) और (ग) 31-3-1988 की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लि० तथा उसकी सहायक कंपनियों के संयंत्रों तथा मशीनरी पर, जिसमें भारी मिट्टी हटाने वाली मशीन शामिल है, कुल निवेश की राशि लगभग 4,334 करोड़ रुपए हैं ।

वर्ष 1988 के अंत में ओपेनकास्ट खानों में कार्यरत लगभग 18 प्रतिशत भारी मिट्टी हटाने वाली मशीनें या तो समयबद्ध अनुरक्षण के अधीन अथवा पूंजीगत ओवरहॉल अथवा पुनः स्थापना अथवा सामान्य मरम्मत के अधीन थी । अतः 80 प्रतिशत से अधिक मशीनरी को प्रयोग में लाया गया था तथा यह आंकड़े पूर्णतः उपलब्धता के मानदण्डों के अनुरूप हैं ।

Curtailing power generation by National Thermal Power Corporation

118. SHRI KAMAL MORARKA: Will the Minister of ENERGY be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the National Thermal Power Corporation have to curtail its power generation for longer periods;

(b) if so, whether more State Electricity Boards have refused to draw power from the newly set up Central Stations;

(c) whether State Electrcity Boards in the northern grid have already refused to draw power from the gas - based- power stations; and